AMAR UJALA MY CITY PAGE 5 & 6

## लविवि : पीजी के प्रवेश आवेदन शुरू

### दाखिले के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे अभ्यर्थी

माई सिटी रिपोर्टर



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक व पीएचडी के बाद शुक्रवार को परास्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर होंगे।

परास्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग व ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों के लिए आवेदन फॉर्म शुल्क 1000 रुपये व अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए 500 रुपये है। ऑनलाइन आवेदन का शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है, जबकि 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ 07 मई तक जमा होंगे।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने परास्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों एमबीए व एमटीटीएम के भी प्रवेश आवेदन फॉर्म जारी कर दिए हैं। इसके भी आवेदन ऑनलाइन ही होंगे। इसमें सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग व ईडब्ल्यूएस के लिए आवेदन फॉर्म का शुल्क 1600 रुपये व अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए 800 रुपये निर्धारित किया गया है। इनके आवेदन भी बिना विलंब शुल्क के 30 अप्रैल तक होंगे और 1000 रुपये विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 07 मई है।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**ये हैं प्रमुख कोर्स और सीटें**

- एमए : 2326
- एमएससी : 927
- एमकॉम : 360
- लएलबी : 320
- एलएलएम : 60
- एमवीए : 75
- बीलिब : 40
- एमलिब : 25
- आचार्य : 20

**एमबीए कोर्स और सीटें**

- एमबीए रेगुलर : 60
- एमबीए सेल्फ फाइनेंस :120
- एमबीए ह्यूमन रिसोर्स, सेल्फ फाइनेंस :120
- एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस, सेल्फ फाइनेंस : 60
- एमबीए मार्केटिंग, सेल्फ फाइनेंस : 120
- एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल, सेल्फ फाइनेंस : 120
- एमबीए इंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस, सेल्फ फाइनेंस : 60
- मास्टर इन ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट, सेल्फ फाइनेंस : 60

## लविवि : बेस्ट आइडिया देने पर मिलेगा आर्थिक सहयोग

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के अच्छे विचारों को मूर्त रूप देने के लिए एक पहल शुरू की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के बेस्ट आइडिया को आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से 'आइडिएट बिजनेस प्लान' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के सभागार में 24 मार्च को होने वाली इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थी 23 मार्च तक ऑनलाइन अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

**आइडिएट बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का आयोजन**

विभागाध्यक्ष प्रो. संजय मेधावी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। विद्यार्थी चाहें तो अकेले या टीम के साथ बिजनेस प्लान दे सकते हैं, लेकिन सदस्यों की संख्या चार से अधिक नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपना बिजनेस आइडिया प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा। 10 मिनट में उन्हें इससे जुड़ी जानकारी देनी होगी। इसके लिए निर्णायक टीम उनका परीक्षण करेगी। विद्यार्थियों के आइडिया कितने उपयोगी व बाजार के लिहाज से सही हैं, यह चयन का आधार होगा। अंतिम रूप से चयनित आइडिया को भाऊराव देवरस शोध पीठ की ओर से बिजनेस के रूप में संचालित करने के लिए आर्थिक सहयोग भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एक अच्छे इंटरप्रेन्योर के रूप में तैयार करना है।

## 15 वर्षों से प्रयास जारी : प्रो. कन्नौजिया




**वन्यजीव** विज्ञान संस्थान की कोआर्डिनेटर और लखनऊ विश्वविद्यालय में जंतु विज्ञान विभाग की प्रोफेसर अमिता कन्नौजिया पिछले 15 वर्षों से प्रदेश की जैव विविधता के संरक्षण में लगी हैं। इस साल भी प्रो. कन्नौजिया ने एक अभियान चला रखा है, जिसके तहत तितलियों और गौरैया को बचाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक पर लोगों को घोंसले, काकुन व पानी रखने के लिए बर्तन बांटे गए।

**आज घर से निकलें गौरैया गिनें और बताएं :** प्रो. अमिता ने अपील की है कि हमेशा की तरह शनिवार को सुबह छह बजे से आठ बजे तक अपने आंगन में, मुंडेर पर, छत पर गौरैया गिनें और 7054941555 पर संख्या व्हाट्सएप करें।

**दावा : 15 हजार से अधिक हो गईं गौरैया :** प्रो. कन्नौजिया बताती हैं कि 2013 से गौरैया की गणना शुरू की थी। जागरूकता प्रयासों का परिणाम ये हुआ कि संख्या बढ़ती गई। 2020 में यह संख्या 15324 हो चुकी है।

NBT PAGE 3

## एलयू : पीजी कोर्सों में भी दाखिले की शुरू हुई दौड़

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्नातक के बाद अब परास्नातक में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फॉर्म भरने का दौर शुक्रवार से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। विलंब शुल्क के साथ 7 मई तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। एमबीए और एमटीटीएम के प्रवेश फॉर्म भी ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं।



एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन से संबंधित पूरी जानकारी विवि की वेबसाइट http://lkouniv.ac.in पर है। प्रवेश से जुड़े दिशानिर्देशों के साथ ही सीटों की संख्या, अवधि आदि विवरण एडमीशन पेज पर मिल जाएंगे। आवेदन फीस सामान्य और ओबीसी के लिए 1000 जबकि एससी/एसटी के लिए 500 रुपये निर्धारित की गई है। एमबीए और एमटीटीएम में प्रवेश के लिए आवेदन शुल्क सामान्य व ओबीसी के लिए 1600 और एससी/एसटी के लिए 800 रुपये तय किया गया है। लेट फीस 1000 रुपये निर्धारित की गई है। **वहीं,** परास्नातक के दाखिले पुराने पैटर्न से होंगे। इस बार मेरिट के बजाय प्रवेश परीक्षा के जरिए दाखिले होंगे।

HINDUSTAN PAGE 8

## पीजी प्रवेश प्रक्रिया आज से ऑनलाइन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया शनिवार से ऑनलाइन शुरू हो रही है। छात्र आवेदन ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

पीजी में 10 कोर्स हैं। सभी में दाखिले प्रवेश परीक्षा से होंगे। प्रवेश परीक्षा मल्टीपल च्वाइस पर होगी। पीजी फॉर्म की फीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस के लिए एक हजार, अनुसूचित जाति जनजाति के लिए पांच सौ है। 30 अप्रैल के बाद एक हजार रुपये विलम्ब शुल्क के साथ फॉर्म भरे जाएंगे, जिसकी अन्तिम तिथि सात मई है। ही एलयू ने परास्नातक प्रबन्धन पाठ्यक्रमों में एमबीए और एमटीटीएम के प्रवेश फॉर्म आनलाइन जारी किए हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

## गेस्ट हाउस इंचार्ज बने प्रो. राकेश द्विवेदी

**लखनऊ।** लविवि के ट्रांजिट हॉस्टल कम गेस्ट हाउस का इंचार्ज समाज कार्य विभाग के प्रो. राकेश द्विवेदी को बनाया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कुलपति के निर्देश पर कार्यकारी कुलसचिव वीपी कौशल ने जारी कर दिया है।

AMRIT VICHAR PAGE 3

**प्रक्रिया** | छात्र 30 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन, 7 मई तक विलंब शुल्क के साथ भर सकते हैं फार्म

## लविवि में परास्नातक दाखिले के लिए आवेदन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया आनलाइन शुरू हो गई है। परास्नातक आवेदन फार्म की फ़ीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस के लिए एक हजार रुपये और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए पांच सौ रुपये है।

फार्म की अंतिम तिथि 30अप्रैल है। वहीं, एक हजार रुपये विलम्ब शुल्क के साथ अंतिम तिथि सात मई निर्धारित की गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने परास्नातक पाठ्यक्रमों में एमए, एमएससी, एमकॉम, एलएलबी, एलएलएम, एमवीए (फाइन आर्ट), बीएलआईबीएलएससी, एमएलआईबीएलएससी और आचार्य में आवेदन की आनलाइन प्रक्रिया शुरू दी है।

**पीजी मैनेजमेंट के आवेदन शुरू**

इसके साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक प्रबन्धन पाठ्यक्रमों में एमबीए और एमटीटीएम के प्रवेश फार्म आनलाइन जारी कर दिए हैं।आवेदन फार्म की फ़ीस सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस के लिए 1600 रुपये और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आठ सौ रुपये तय की गई है। फार्म की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल है। एक हजार रुपये के विलम्ब शुल्क के साथ अंतिम तिथि सात मई तय की गई है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदक आवेदन से सम्बन्धित विस्तृत विवरण के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in के admission page पर जाएं। प्रवेश सम्बन्धित सम्पूर्ण दिशा-निर्देश, अहर्ता, सीटें, अवधि सभी विवरण भी Admission page पर ही उपलब्ध है।

**लविवि में विधि संकाय की कार्यशाला आज**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय 20 मार्च को द्वितीय परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लेबर कोड विषय पर किया जा रहा है। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य भारत सरकार द्वारा एक अप्रैल से लागू किये जाने वाले चार लेबर कोड से सम्बन्धित है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के कुशल नेतृत्व में अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष, विधि संकाय ने एक दिवसीय कार्यशाला को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया। कार्यशाला में श्रमिक कानून विशेषज्ञ कपिल गौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। देश में श्रमिकों से सम्बन्धित लगभग 44 श्रम कानून थे। केन्द्रीय सरकार ने इन 44 श्रम कानून के स्थान पर चार श्रमिक संघिताएं अधिनियमित की है। ये संघिताएं मातृत्व, कर्मचारी, मुआवजा, स्वास्थ्य सुरक्षा और मजदूरी इत्यादि के बारे में पर्याप्त प्राविधान करती है। सरकार इन संघिताएं को पहली अप्रैल से लागू करने जा रही हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

## लविवि में विधि संकाय की कार्यशाला आज

**लखनऊ।** लविवि के विधि संकाय 20 मार्च को द्वितीय परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लेबर कोड विषय पर किया जा रहा है। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य भारत सरकार द्वारा एक अप्रैल से लागू किये जाने वाले चार लेबर कोड से सम्बन्धित है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के कुशल नेतृत्व में अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष विधि संकाय ने एक दिवसीय कार्यशाला को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया। कार्यशाला में श्रमिक कानून विशेषज्ञ कपिल गौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

TOI PAGE 3

## LU begins PG admissions

The Lucknow University began its application process for admissions to its postgraduate courses on Friday. The admission brochure and online application forms have been made available on the varsity's official website. Online application form for MA, MSc, Mcom, LLB, LLM, MVA, (fine arts) and other PG courses is of Rs 1,000 for general and other backward classes. The form for economically weaker sections, scheduled caste and scheduled tribes is of Rs 500. The last date to submit the form is April 30 and May 7 with late fees.